दिन– मंगलवार

दिनांक– 27 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 10 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पाकिस्तान सोची समझी युद्ध रणनीति के तहत आतंकवादी गतिविधि को बढ़ावा दे रहा है।

02. श्री मोदी के उनतीस मई को होने वाले दो दिवसीय बिहार दौरे को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में। एनडीए के घटक दलों के बीच प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर जबरदस्त उत्साह।

03. केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तारीख बढ़ाई। अब पन्द्रह सितंबर तक भर सकते है आईटीआर।

04. और, राज्य के विभिन्न भागों में प्री–मॉनसून बारिश जारी। मौसम विभाग का अलर्ट– भागलपुर, बांका, कटिहार और नवादा जिलों में आज हो सकती है भारी बारिश।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल के घटनाक्रमों ने साबित किया है कि पाकिस्तान का भारत के विरूद्ध तथाकथित छद्‌म युद्ध वास्तव में एक सुनियोजित युद्ध रणनीति है। गुजरात के गांधी नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि छह मई की घटनाओं के बाद भारत को आतंकी गतिविधियों का प्रमाण देने की अब आवश्यकता नहीं है।

———बाइट———

छह मई के बाद जिनका कत्ल हुआ, उस जनाजे को स्टेट ऑनर दिया गया पाकिस्तान में। उनके कॉफेन्स पर पाकिस्तान के झंडे लगाए गए। उनकी सेना ने उनको सेल्यूट दी। ये सिद्ध करता है कि आतंकवादी गतिविधि ये प्रोक्सीवॉर नहीं है, ये आपकी सोची–समझी युद्ध की रणनीति है। आप वॉर ही कर रहे हैं। उसका जवाब भी वैसे ही मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि ये कोई अलग–थलग आतंकवादी कृत्य नहीं हैं, बल्कि एक समन्वित सैन्य रणनीति का हिस्सा है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत किसी से दुश्मनी नहीं चाहता है। भारत शांति से रहना चाहता है। उन्होंने कहा कि देश इस तरीके से प्रगति करने की आकांक्षा रखता है जो विश्व के कल्याण में योगदान दे सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि 1960 की सिंधु जल

संधि में जम्मू कश्मीर के बांधों की सफाई या गाद नहीं निकालने पर सहमति बनी थी। उन्होंने कहा कि पिछली गलत नीतियों से राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचा है। प्रधानमंत्री ने युवा पीढी से राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाले ऐतिहासिक फैसलों का अध्ययन करने को कहा है।

———बाइट———

जम्मू—कश्मीर की आम नदियों पर डैम बने हैं। उन डैम का सफाई का काम नहीं किया जाएगा। डिसिल्टिंग नहीं किया जाएगा। सफाई के लिए जो नीचे की तरफ जो गेट हैं वो नहीं खोले जाएंगे। साठ साल तक ये गेट नहीं खोले गए और और जिसमें शत—प्रतिशत पानी भरना चाहिए था, धीरे—धीरे इसकी कैपेसिटी कम हो गई। क्या मेरे दशवासियों को पानी पर अधिकार नहीं है क्या।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्वाधीनता के सौ वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस सपने को साकार करने में प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि विश्व की तीन सबसे बडी अर्थव्यवस्थाओं में भारत को शामिल करने के लिए टियर—टू और टियर—थ्री शहरों का आर्थिक विकास बेहद महत्वपूर्ण है।

———बाइट———

2014 में भारत की इकोनॉमी दुनिया में ग्यारह नम्बर पर थे। हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी। हमने पड़ौसियों से भी मुसीबतें झेली। हमने प्राकृतिक आपदा भी झेली। इन सबके बावजूद भी इतने कम समय में हम ग्यारह नम्बर की इकोनॉमी से चार नम्बर की इकोनॉमी पहुंच गए।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उनतीस मई को होने वाले दो दिवसीय बिहार दौरे को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री मोदी अपने दौरे के दौरान पटना और रोहतास में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने संवाददाताओं से जानकारी साझा करते हुए बताया कि उनतीस मई को प्रधानमंत्री श्री मोदी पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

———बाइट———

श्री जायसवाल ने बताया कि इसके बाद प्रधानमंत्री का एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक रोड शो का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि रोड शो के मार्ग में

अलग–अलग बत्तीस स्थानों पर स्वागत मंच बनाया जा रहा है। तीस मई को प्रधानमंत्री रोहतास के विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे।

————————————————————————————

इधर, तीस मई को प्रधानमंत्री के रोहतास के विक्रमगंज में होने वाली जनसभा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज आरा–विक्रमगंज मार्ग पर टेढकी पुल के पास कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियो को आवश्यक निर्देश भी दिए है। इधर, लोगों में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पहली बार बिहार आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत को लेकर उत्साह चरम पर है।

————————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने कहा है कि एनडीए के सभी घटक दल प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर उत्साहित है। उन्होंने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उनतीस मई को प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया जायेगा।

———बाइट———

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उनतीस मई को पटना में कार्यक्रम को लेकर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। यातायात पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने बताया कि उनतीस मई को शाम चार बजे से रात आठ बजे तक बेलीरोड पर नो इंट्री लागू रहेगा।

———बाइट———

————————————————————————————

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने इस वर्ष आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख बढ़ाकर इकतीस जुलाई से पन्द्रह सितंबर कर दी है। बोर्ड ने आज इस संबंध में प्रेस

विज्ञप्ति जारी कर सूचना दी है। इसके अनुसार आयकर भरने की प्रक्रिया इस वर्ष जून के पहले सप्ताह में शुरू होगी।

————————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ भारत के रूख को दुनिया के सामने रखने के लिए भारत का सात अलग—अलग बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्ववाला प्रतिनिधिमंडल आज फ्रांस की राजधानी पेरिस में पत्रकारों से मुलाकात की। श्री प्रसाद ने कहा है कि आतंकवाद से यूरोपीय देश भी पीड़ित हैं। सभी को आतंकवाद के खिलाफ एक स्वर में अपनी बात रखनी चाहिए।

———बाइट———

इधर, जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक अन्य सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आज सिंगापुर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने वर्तमान और पूर्व सांसदों तथा शिक्षा, व्यवसाय और स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। संजय झा ने बताया कि हमने पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट करने का आग्रह किया है।

———बाइट———

हम लोगों ने यही रिक्वेस्ट किया कि भई पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट में लाना चाहिए क्योंकि जो भी फाइनेंशियल सपोर्ट उसको मिलता है, वो लार्जली वो अपनी डिफेंस या ये जो आतंकवाद है, टेररिज्म है, उसी पर उसका एक्सपेंस होता है। डेवलपमेंट वर्क का तो कोई है नहीं। पास्ट में भी ग्रे लिस्ट में जा चुका है।

————————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए पूरा राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि स्वरूप एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इस कडी में आज हम मेजर शैतान सिंह को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1962 के भारत—चीन युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था। इसके लिए उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

———बाइट———

दिसम्बर 1924 में राजस्थान के जोधपुर में जन्मे मेजर शैतान सिंह साल 1949 में सेना की कुमाऊं रेजीमेंट में भर्ती हुए। 1962 में भारत–चीन युद्ध के दौरान मेजर शैतान सिंह ने 13 कुमाऊं रेजिमेंट की सी–कंपनी का नेतृत्व किया और पांच हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित रेजांगला में एक रणनीतिक स्थान पर कब्जा किया। 18 नवंबर की सुबह चीन ने इस स्थान पर बड़ा हमला किया, उस समय इस जगह पर कंपनी की पांच पलटनें मौजूद थीं। जब दुश्मन सैनिक पहाड़ी नालों से आगे बढ़े, तो भारतीय सैनिकों ने विनाशकारी गोलाबारी कर दुश्मन के छक्के छुड़ा दिए, जिससे उसे भारी नुकसान पहुंचा। अत्यंत ठंड और बड़ी संख्या में दुश्मन के सैनिकों की मौजूदगी के बावजूद कुमाऊं रेजीमेंट की सात, आठ और नौ नंबर की पलटन ने बेजोड़ साहस के साथ लड़ाई लड़ी और आखिर तक जमीन पर अपना कब्जा बनाए रखा। मेजर शैतान सिंह ने अपने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, वह एक पलटन पोस्ट से, दूसरे पलटन पोस्ट पर अपने सैनिकों के साथ लड़ते रहे। घायल होने के बावजूद उन्हें जब निकाला जा रहा था, तो चीनियों ने उन पर मशीन गन से हमला कर दिया। मेजर शैतान सिंह ने जीवन के लिए खतरा महसूस करते हुए, अपने सैनिकों को उन्हें छोड़कर जाने का आदेश दिया। सैनिकों ने मेजर शैतान सिंह को एक पहाड़ी की ढलान पर एक चट्टान के पीछे रखा, जहां उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। मेजर शैतान सिंह को उनके सर्वोच्च साहस, नेतृत्व, कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में प्री–मॉनसून बारिश का सिलसिला जारी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, बांका, कटिहार और नवादा समेत राज्य के दक्षिण–मध्य और पूर्वी भागों में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इसके साथ ही उत्तरी और पूर्वी भागों में विभिन्न स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका है।

———बाइट———

———————————————————————————

बेगूसराय के निशांत कुमार ने नेपाल में आयोजित ग्यारहवीं अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के कैडेट बालक वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। वहीं जिले के रोहित कुमार ने सीनियर बालक वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया है।

———————————————————————————

भोजपुर जिला के आरा सदर अस्पताल में जल्द ही कैंसर मरीजों के इलाज के लिए डे केयर–कीमोथेरेपी की सुविधा शुरू की जायेगी। यह जानकारी सिविल सर्जन ने दी है।

———————————————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पाकिस्तान सोची समझी युद्ध रणनीति के तहत आतंकवादी गतिविधि को बढ़ावा दे रहा है।

02. श्री मोदी के उनतीस मई को होने वाले दो दिवसीय बिहार दौरे को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में। एनडीए के घटक दलों के बीच प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर जबरदस्त उत्साह।

03. केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तारीख बढ़ाई। अब पन्द्रह सितंबर तक भर सकते है आईटीआर।

04. और, राज्य के विभिन्न भागों में प्री–मॉनसून बारिश जारी। मौसम विभाग का अलर्ट– भागलपुर, बांका, कटिहार और नवादा जिलों में आज हो सकती है भारी बारिश।

———————————————————————————————————

समाप्त